# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद

आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001

☎(0591) 3511043 ✉ee11_upjn_mbd@yahoo.co.in


पत्रांक 1554 / दै0 समाचार पत्र / 32 दिनांक 16.06.2026

सेवा में

जिलाधिकारी,

मुरादाबाद।

विषय – <u>ई–दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 29.05.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक ''अधूरी जल जीवन मिशन योजना से नहीं बुझ पाएगी गर्मी की प्यास'' के सम्बन्ध में।</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 29.05.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक ''अधूरी जल जीवन मिशन योजना से नहीं बुझ पाएगी गर्मी की प्यास'' की अनुपालन आख्या निम्नानुसार है।

| क्र0स0 | प्रकाशित खबर | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | मुरादाबाद। जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा होने से लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस योजना की शुरुआत जोर–शोर से तो हुई लेकिन अंजाम तक पहुंचाने की कोई सुगबुगाहट नजर नहीं आ रही है। ग्रामीण क्षेत्र में कहीं दो तो कहीं तीन वर्षों से कम अधर में है। कहीं बोरिंग कराकर छोड़ दिया गया तो कहीं पाइपलाइन बिछाई पर पानी नहीं पहुंचा। इस बार पड़ रही अप्रत्याशित गर्मी में ग्रामीणों को पानी की ज्यादा जरूरत पड़ेगी लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण इस गर्मी अधूरी योजना लोगों की प्यास नहीं बुझा पाएगी | जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है, योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त घरों को ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं से क्रियाशील गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा क्लोरीनयुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओ के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा को अनुबन्ध सं0 68 / ई0डी0 / 20 20–21 के अन्तर्गत एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को अनुबन्ध सं0 11 / ई0डी0 / फेस–3 / 2021–22 के अन्तर्गत सूचीबद्ध किया गया है। जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत स्वीकृत 603 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 589 नग नलकूप बोरिंग कार्य पूर्ण, 4154 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण, 398 नग पम्प हाउस के कार्य पूर्ण, 170 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण, 227 / 53 नग सोलर सिस्टम अधिष्ठापन / विद्युत संयोजन के कार्य पूर्ण एवं 303831 नग पेयजल गृह सयोजन के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को के सापेक्ष 80 प्रतिशत सड़को को पूर्व की भांति पुर्नस्थापित एवं शेष सड़कों को मोटरेबल करा दिया गया है।<br>वर्तमान में 251 नग राजस्व ग्रामों में उच्च जलाशय / डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से निरन्तर शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शेष ग्रामों में पेयजल योजनाओं के कार्य धनाभाव के कारण अत्यन्त धीमी गति से कराये जा रहे है, धनावंटन उपरान्त फर्मो द्वारा योजनाओं के समस्त कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि जेजेएम फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइसम द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति नगण्य है, जिस हेतु इस खण्ड के पत्रांक 1565 / एन0के0जी0 / 93 दिनांक 04.10.2024 तथा जिलाधिकारी महोदय के पत्रांक 1845 / एन0के0जी0 / 89 दिनांक 22.08.2025 एवं पत्रांक 1846 / एन0के0जी0 / 90 दिनांक 22.08.2025 द्वारा फर्म को चेतावनी / नोटिस दिये गये है। जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद द्वारा अपने पत्रांक 1714 / एन0के0जी0 / 93 दिनांक 24.10.2024, पत्रांक 2009 / एन0के0जी0 / 198 दिनांक 16.12.2024 एवं **पत्रांक 2949 / जेजेएम / 163 दिनांक 24.12.2025** द्वारा फर्म के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ से अनुरोध किया गया है। |
| 2 | फरीदनगर में तीन वर्ष बाद भी नहीं मिला ग्रामीणों को साफ पानी, योजना के नाम पर खड़ा है अधूरा टैंक और बोरिंग<br>ठाकुरद्वारा। 12 हजार की आबादी वाले गांव फरीदनगर में तीन वर्ष बाद भी जल जीवन मिशन योजना का काम अधूरा है। ओवरहेड टैंक गांव की आबादी से करीब दो किमी दूर बनाया जा रहा है। पास में बोरिंग है। अभी तक गांव में पानी की आपूर्ति के लिए न तो पाइपलाइन बिछाई गई है और न ही घरों में कनेक्शन दिए गए हैं। करीब एक वर्ष पूर्व योजना पर काम कर रही कंपनी अपना सामान समेटकर गांव से चली गई है। गांव के मुन्नू सिंह का कहना है कि अधूरे टैंक को देखकर काफी निराशा है। गांव के ऋषिपाल सिंह का कहना है कि उन्हें इस योजना में गड़बड़ी नजर आ रही है उसकी जांच करवाई जाए। गांव के पूर्व प्रधान शेर मोहम्मद ने बताया कि गांव में न तो पाइपलाइन डाली गई है और नहीं घरों में कनेक्शन दिए गए हैं। योजना शुरू होने से पहले तीन वर्ष पूर्व कंपनी के इंजीनियर ने अपनी टीम के साथ पूरे गांव का निरीक्षण किया था। ग्रामीणों को शीघ्र गांव में पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम फरीदनगर की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>ग्राम फरीदनगर (मु.) योजना जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आवंटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य 20 प्रतिशत पूर्ण एवं उच्च जलाशय के कार्य 37 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनावंटन नहीं होने के कारण योजना के शेष कार्य बाधित है, धनांवटन होने के उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगे। |

| | | |
|---|---|---|
| | देने का आश्वासन दिया था लेकिन अचानक कंपनी के ठेकेदार अपना सामान लेकर यहां से चले गए हैं। गांव की प्रधान खातून बेगम और उनके पति अतीक अहमद ने बताया कि यहां काम करने वाले कंपनी के ठेकेदार ने उन्हें संबंधित विभाग से काम का भुगतान न होने के कारण काम करना बंद करने की जानकारी दी थी। उन्होंने डीएम और एसडीएम से करीब छह माह पूर्व शिकायत कर अधूरे काम को पूरा कराने की मांग की थी लेकिन अभी तक योजना पर काम आगे नहीं बढ़ सका है। उन्होंने शासन प्रशासन से योजना के अधूरे काम को पूरा करने की मांग की है। | |
| 3 | तीन साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया ओवरहेड टैंक का निर्माण बिलारी। ब्लॉक के चांदपुर गनेश गांव में तीन वर्ष बाद भी ओवरहेड टैंक का निर्माण शुरू नहीं हो पाया। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। चांदपुर गनेश गांव की आबादी के पूरब में स्थित परिषदीय स्कूल के निकट खाली पड़ी भूमि का चयन जलनिगम द्वारा नलकूप और ओवरहेड टैंक बनाने के लिए किया गया। यहां बोरिंग कराने के बाद नलकूप बना दिया गया तथा बिजली न होने की स्थिति में नलकूप संचालन के लिए सोलर प्लांट भी लगवा दिया गया। नलकूप के निकट टैंक बनाने के लिए भूमि का चिन्हीकरण तो हो गया लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी ओवरहेड टैंक का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। चांदपुर गनेश गांव की प्रधान अतीका बेगम के पति खलील अहमद ने बताया कि अधिकारियों से मांग करने के बाद बावजूद अभी तक ओवरहेड टैंक का निर्माण शुरू नहीं हो पा रहा है। ग्राम चौकीदार द्वारा गांव में किसी शादी समारोह के मौके पर नलकूप चलाकर भूमिगत वाटर पाइप लाइन से सीधे पानी की जलापूर्ति शुरू की जाती है तब अनेक स्थानों पर फटी हुई पाइप लाइन से पानी बाहर फैल जाता है और पाइप लाइन की नाली से गंदा पानी पाइप लाइन में आ जाने के बाद नलकूप का पानी पीने लायक नहीं रह जाता है। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम चांदपुर गनेश की यथास्थिति निम्नानुसार है।** **चांदपुर गनेश** ग्रामीण पाइप पेयजल योजना जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आवंटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के कार्य पूर्ण है एवं पम्प हाउस के कार्य 60 प्रतिशत पूर्ण है। योजना के कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण है। पाइप लाइन बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को के पुर्नस्थापना के कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण है शेष सड़को को मोटरेबल करा दिया गया है। वर्तमान में धनावंटन नहीं होने के कारण योजना के शेष कार्य बाधित है, धनांवटन होने के उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगे। |
| 4 | छजलैट ब्लॉक के डूबैला में न टैंक बना और न ही घरों में पहुंचा पानी कांठ। छजलैट ब्लॉक के दुम्हैला खालसा और डूबैला के ग्रामीणों को पीने का साफ पानी देने के लिए वर्ष 2023 में 178.63 लाख की लागत से काम शुरू हुआ था। गांव में वाटर पाइप लाइन बिछाने के साथ नलकूप किया मगर इसका कमरा अधूरा छोड़ दिया गया। ओवरहेड टैंक के पिलर तो बनाए गए मगर टैंक का निर्माण नहीं किया गया। बिजली का कनेक्शन भी है। अब पिछले एक साल से यहां काम बंद है। मंगलवार को गांव के महेंद्र सिंह, मंगू सिंह और श्योवीर सिंह ने बताया कि कुछ घरों में पानी की टोंटी के लिए पाइप खड़े किए गए। मगर घरों तक पानी नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों ने बताया कि एक साल पहले मिशन का काम अधूरा छोड़ दिया गया था, तभी से यहां काम बंद है। उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में पानी की जरूरत बढ़ी है। अधूरे कार्य को पूरा कर पानी की आपूर्ति की जानी चाहिए। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम दुम्हैला खालसा और डूबैला की यथास्थिति निम्नानुसार है।** **दुम्हैला खालसा और डूबैला** ग्रामीण पाइप पेयजल योजना जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आवंटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण, बाउण्ड्री वॉल के कार्य 60 प्रतिशत पूर्ण, पम्प हाउस के कार्य 25 प्रतिशत एवं उच्च जलाशय के कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण है। योजना के कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण है। पाइप लाइन बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को के पुर्नस्थापना के कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण है एवं शेष सड़को को मोटरेबल करा दिया गया है। वर्तमान में धनावंटन नहीं होने के कारण योजना के शेष कार्य बाधित है, धनांवटन होने के उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगे। |
| 5 | ओवरहेड टैंक भी अधर में छोड़ा, पाइप लाइन बिछाई कुंदरकी। ब्लॉक की ग्राम पंचायत चांदपुर मंगोल पर करीब तीन साल पहले हर घर जल पहुंचने के लिए ओवरहेड वाटर टैंक, नलकूप और भूमिगत वाटर पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू हुआ था। शुरूआती दौर में निर्माण कार्य तेजी से चला, जिसके चलते नलकूप बन गया। साथ ही चांदपुर मंगोल और उसके मजरा मौसमपुर में भूमिगत वाटर पाइप लाइन बिछाकर टेस्टिंग की गई थी लेकिन ओवरहेड वाटर टैंक अधूरा खड़ा है और नलकूप और उसके आसपास उपले थापे जा रहे हैं। गांव के रफीक, अजय और सतीश का कहना कि दो साल से निर्माण कार्य रूक हुआ, जिससे ग्रामीण परेशान है, साथ ही ओवरहेड टैंक का कार्य आपूर्ण हालत में छोड़ दिया गया और आज तक पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं हो गई है। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम चांदपुर मंगोल की यथास्थिति निम्नानुसार है।** चांदपुर मंगोल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के कार्य जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आवंटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत नलकूप एवं पम्प हउस के कार्य पूर्ण है। पाइप लाइन बिछाने के कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण एवं उच्च जलाशय के कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण है। पाइप लाइन बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़क के पुर्नस्थापना के कार्य पूर्ण है। वर्तमान में धनावंटन नहीं होने के कारण योजना के शेष कार्य बाधित है, धनांवटन होने के उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगे। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
7. प्रोजेक्ट हेड/निदेशक, एल0सी0 इन्फ्रा0 प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मकान नं0–10/66 सेक्टर–10 फेस–2 एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी विहार मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63 बुद्धि विहार फेस–2 सेंट मैरी स्कूल के पास, दिल्ली रोड, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता